हिन्दुस्तान

सीएम बोले, यूपी को बीमारू मानसिकता से उबारा

ग्राउंड ब्रेकिंग से 33 लाख को रोजगार

तैयारी

13 परियोजनाओं का शुभारंभ किया मुख्यमंत्री ने

19 को मोदी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शिलान्यास करेंगे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से 33 लाख नौजवानों को सीधे-सीधे नौकरी मिलेगी। इनके जरिए यह उद्योग जहां भी लगेंगे, वहां सड़क बनेगी, बिजली मिलेगी, पेयजल की व्यवस्था होगी। नए रोजगार सृजित होंगे। आवासीय सुविधाएं भी विकसित होंगी। टैक्सी सर्विस की मांग बढ़ेगी। इस तरह विकास का एक चक्र चलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बातें गुरुवार को लोकभवन में हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण के कर्टेन रेजर सेरेमनी के आयोजन में कहीं। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आस्थानों और ओडीओपी सीएफसी की 13 परियोजनाओं का शुभारंभ किया। साथ ही विभिन्न जनपदों के परंपरागत हस्तशिल्पियों और कारीगरों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 19 फरवरी को प्रधानमंत्री यूपी की चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर एक ही दिन में 10 लाख करोड़ की योजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि यूपी से निर्यात 86 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग दो लाख करोड़ रुपये हो गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनाना एक राजनीतिक मानसिकता थी, जिसे खत्म करके हमने इसे देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाया है। प्रदेश में परंपरागत कारीगर, शिल्पकार और उद्यमी जो पहले निराश था आज उसके चेहरे पर उत्साह है।

➤ ट्रेड शो 25 सितंबर से P11



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन में श्रमसाधकों का सम्मान किया।

यूपी की ओडीओपी देश में यूनीक योजना

सीएम योगी ने कहा, हस्तशिल्पी-कारीगर और युवा उद्यमियों के पास क्षमता थी लेकिन उन्हें प्लेटफार्म की आवश्यकता थी। 2018 में हमने ओडीओपी योजना शुरू की, जिसके बाद परंपरागत उद्यम को बाजार देने का कार्य शुरू हुआ। परिणाम स्वरूप आज यूपी की ओडीओपी देश में यूनीक योजना बन चुकी है।

10 करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट शामिल होंगे

लखनऊ, विसं। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी मुख्य कार्यक्रम में 10 करोड़ से अधिक धनराशि वाले प्रोजेक्ट लिये जायेंगे। जबकि 10 करोड़ से कम धनराशि वाले प्रोजेक्ट के लिये जनपद स्तर पर कार्यक्रम होंगे। मुख्य सचिव ने यह निर्देश बुधवार को सभी डीएम व कमिश्नर को दिए।

मुख्यमंत्री ने श्रमसाधकों का सम्मान किया

सीएम योगी ने अपने हुनर से अपना स्थान बनाने वाले श्रमसाधकों का भी सम्मान किया। इसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान से बाराबंकी के राहुल (नाई), लखनऊ से निधि मल्होत्रा (दर्जी), सीतापुर के फिरोज अहमद (मोची) को सम्मानित किया गया। ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना के तहत रायबरेली के रंजीत कुमार (काष्ठ कार्य), लखनऊ की सरिता भारती (चिकनकारी), हरदोई की प्रतिभा यादव (वस्त्र उत्पाद) का सम्मान किया। यूपी माटी कला पुरस्कार के अंतर्गत गोरखपुर के कृष्ण कुमार, आजमगढ़ की पुष्पा प्रजापति आदि को सम्मान किया। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के राज्यस्तरीय ग्रामोद्योगीय पुरस्कार से लखनऊ की शबाना खातून, मेरठ के शीषपाल, अमरोहा के कृष्णपाल को सम्मानित किया।